Civil Work के निविदाओं के निष्पादन हेतु आदर्श समय–सीमा

पत्रांक–BMSIC/65020/01-2012/452 दिनांकः–27.9/2013

बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के आधारभूत संरचना निर्माण हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। योजनाओं का निर्माण समय पर पूर्ण हो इस हेतु यह आवश्यक है कि निविदा का निष्पादन भी समयबद्व हो। अतः निविदाओं के विभिन्न चरणों हेतु निम्न रूप से आदर्श समय–सीमा निर्धारित की जाती हैः–

1. निविदा जारी करने एवं निविदा प्रकाशन के बीच का समय – 7 दिन।
2. निविदा विज्ञप्ति के प्रकाशन एंव निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बीच का समय– सामान्यतः 21 दिन।
3. निविदा प्राप्ति के उपरांत मैनेजर (परियोजना) के द्वारा उपमहाप्रबंधक (परियोजना) के सहयोग से तुलनात्मक विवरणी तैयार करना – 7 कार्य दिवस।
4. महाप्रबंधक (परियोजना) द्वारा निविदा समिति की बैठक आहूत कर तकनीकी निविदा का निष्पादन – 7 कार्य दिवस।
5. तकनीकी बीड के निष्पादन की सूचना प्राप्त होने के बाद वित्तीय बीड खोलने हेतु निर्धारित समय – 3 कार्य दिवस।
6. वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी मैनेजर (परियोजना) के द्वारा उपमहाप्रबंधक (परियोजना) के सहयोग से तैयार करना – 2 कार्य दिवस।
7. वित्तीय बीड का निविदा समिति द्वारा निष्पादन – 7 कार्य दिवस।
8. वित्तीय निविदा की स्वीकृति के पश्चात् चयनित एजेन्सी को LOA निर्गत करना– 2 कार्य दिवस।
9. संवेदक द्वारा Performance Security जमा करने तथा एकरारनामा हेतु निर्धारित समयः– LOA निर्गत की तिथि से 10 दिन।
10. संवेदक को कार्यादेश निर्गत करना :– एकरारनामा की तिथि से दो कार्य दिवस।

यथा संभव निविदा के साथ समर्पित EMD के रूप में प्राप्त बैंक गारंटी का सत्यापन वित्तीय बीड खोलने के पूर्व कराया जाना है, परन्तु इस हेतु तकनीकी बीड का निष्पादन नहीं रोका जाएगा। साथ ही समिति द्वारा तकनीकी निविदा का निष्पादन संवेदक द्वारा समर्पित दस्तावेज के आधार पर होगा, परंतु यदि संवेदक द्वारा समर्पित कोई दस्तावेज प्रथम दृष्टया गलत अथवा संदेहास्पद प्रतीत हो तो डाक/विशेष दूत के माध्यम से उक्त दस्तावेज का सत्यापन कराया जा सकता है।

27/9/13
(प्रबंध निदेशक)
BMSICL, पटना

ज्ञापांकः– BMSIC/65020/01/2012 दिनांकः–

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग/श्री अमीर हसन, महाप्रबंधक, बी.एस.आर.डी.सी./सभी पदाधिकारीगण/सभी संवेदकों/वेबसाईट/रिसेप्सन एरिया पर डिस्प्ले हेतु।

27/9/13
(प्रबंध निदेशक)

5th floor, Biscomaun Bhavan, Gandhi Maidan, Patna 800 001
Phone: +91 612 2219633; Fax: +91 612 2219635
Mail: md-bmsicl-bih@nic.in
www.bmsicl.gov.in